Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding employment to trained youths & unemployed people in Malanpur Industrial Zone of Bhind, Madhya Pradesh.

श्रीमती संध्या राय (भिंड): अध्यक्ष महोदय, मुझे समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद । मेरे लोक सभा क्षेत्र भिंड के गोहद विधान सभा में मालनपुर औद्योगिक क्षेत्र है, जिसमें बाहर के युवा वर्ग उसमें काम करते हैं । मेरी सरकार से विनती है कि मेरे क्षेत्र के काफी नौजवान शिक्षित हैं, लेकिन बेरोजगार हैं, उनको लाभ मिले तो बहुत अच्छा रहेगा ।

वहां पचासों फैक्ट्रियां हैं । वहां से दूषित पानी निकलता है, गोहद क्षेत्र में एक वेसली डैम है, उस डैम में प्रदूषित पानी मिलता है । मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करती हूं कि फैक्ट्रियों की जो समय सीमा रहती है, उस समय सीमा में उनकी जांच हो, दूषित पानी तालाब में जाता है और वही पानी गोहद क्षेत्र की जनता पीती है, जिससे कई बीमारियां उत्पन्न होती हैं । ये दोनों विषय थे । वहां के नौजवानों को लाभ मिले, उन्हें अन्यत्र जगह जाना पड़ता है । वे लोग हजारों किलोमीटर दूर जाकर काम की तलाश में भटकते रहते हैं । मेरे क्षेत्र के लोगों को वहीं काम करने का अवसर मिले । आपका बहुत-बहुत धन्यवाद ।